# भाजपा-कांग्रेस नेताओं के मकान-दुकान भी चौड़ीकरण की जद में आए

- नोटिस मिले तो रहवासियों ने मांगा 7 दिन का समय
- निगम बोला- खुद तोड़ेंगे तो कम होगा नुकसान
- वीडी मार्केट से निकास तक लगे निशान

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. सड़क चौड़ीकरण की जद में अब तक आम जनता के मकान दुकान लगातार तोड़े जाने की खबरें तो आती रही है, और लोग स्वयं के आशियाने अपने ही हाथों से हटा रहे हैं, अब बारी आई है नेताओं की. इसमें कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं के मकान भी चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं. ऐसे में नेताओं ने रहवासियों के साथ-साथ 7 दिन की मोहलत मांगी है.**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत महाकाल की नगरी में सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्य अब तेज रफ्तार पकड़ चुके हैं. शहर की कई प्रमुख सड़कों पर आधे से ज्यादा काम पूरा हो चुका है, वहीं अब आधा दर्जन नई सड़कों पर भी चौड़ीकरण की तैयारी शुरू हो गई है. नगर निगम द्वारा नए क्षेत्रों में निशान लगाने के साथ मुनादी कराई जा रही है और लोगों को स्वयं अपने मकान-दुकान हटाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.



## स्वयं तोड़ो तो नुकसान कम...

उज्जैन नगर निगम के अधिकारियों द्वारा साफ कहा जा रहा है कि यदि लोग स्वयं हाथों से निर्माण हटाएंगे तो नुकसान कम होगा, लेकिन यदि नगर निगम की जेसीबी और पोकलेन मशीनें कार्रवाई करेंगी तो नुकसान ज्यादा हो सकता है. क्षेत्र के रहवासियों और व्यापारियों ने प्रशासन से सात दिन की मोहलत मांगी है. सबसे ज्यादा चिंता उन व्यापारियों को है जिनकी पुश्तैनी दुकानें वर्षों से यहां संचालित हो रही हैं. लोगों का कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन उन्हें सामान हटाने और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए थोड़ा समय मिलना चाहिए.

**दोनों और की पट्टी**-इसी क्रम में वीडी मार्केट से निकास चौराहे तक का क्षेत्र अब चौड़ीकरण की जद में आ गया है. यहां कांग्रेस नेता और भाजपा नेता की पट्टी के कई मकान और दुकानें भी प्रभावित हो रही हैं. नगर निगम की टीम प्रतिदिन क्षेत्र में पहुंचकर रहवासियों और व्यापारियों से चर्चा कर रही है.

**कोयला फाटक से गाड़ी अड्डा**-गौरतलब है कि कोयला फाटक, गाड़ी अड्डा से रामघाट तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य पहले से तेज गति से चल रहा है. यहां एक ओर के अधिकांश मकान और दुकानें हटाई जा चुकी हैं. नाले-नालियों का निर्माण भी जारी है और जल्द ही सड़क का नया स्वरूप दिखाई देने लगेगा. कई स्थानों पर पोल शिफ्ट किए जा चुके हैं, केबल हटाई जा चुकी हैं और सीवरेज लाइन का काम भी युद्ध स्तर पर चल रहा है.

**महाकाल की नगरी का नया स्वरूप**-कुल मिलाकर सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण और आधारभूत विकास कार्यों की रफ्तार लगातार बढ़ रही है. अनुमानित 40 करोड़ श्रद्धालुओं और साधु-संतों के आगमन को देखते हुए महाकाल की नगरी को नए स्वरूप में तैयार किया जा रहा है.

### अफसरों की टीम जुटी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में विकास कार्यों की मॉनिटरिंग लगातार हो रही है. नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सुबह से देर रात तक निर्माण कार्यों की निगरानी कर रहे हैं. मजदूरों और ठेकेदारों की टीमें भी दिन-रात जुटी हुई हैं. जिला प्रशासन भी लगातार सक्रिय है. कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और मेला अधिकारी आशीष सिंह प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं, जिसके चलते काम में तेजी आई है.

**देवास गेट से मालीपुरा की चर्चा**-इधर नगर निगम के गलियारों में अब मालीपुरा और देवास गेट क्षेत्र के चौड़ीकरण की चर्चाएं भी जोर पकड़ने लगी हैं. हालांकि अभी वहां न तो निशान लगाए गए हैं और न ही नोटिस जारी हुए हैं, लेकिन माना जा रहा है कि चामुंडा चौराहा से देवास गेट, इंदौर गेट और निकास चौराहे तक प्रस्तावित एलिवेटेड ब्रिज और यातायात दबाव को देखते हुए मालीपुरा क्षेत्र को भी चौड़ा किया जा सकता है. आने वाले दिनों में यहां भी कार्रवाई शुरू होने की संभावना जताई जा रही है.

# भाजपा नेता से विवाद : दो पुलिसकर्मी सस्पेंड, टीआई अटैच

- भाजपा नेता से झड़प के बाद कार्यकर्ताओं ने किया चक्काजाम

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के महू नाका चौराहे पर शुक्रवार दोपहर भाजपा नेता और ट्रैफिक पुलिस के बीच विवाद हो गया. विवाद का कारण भाजपा नेता पर पुलिस कर्मी द्वारा हाथ उठाना बताया जा रहा है. इसके बाद भाजपा विधायक और नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ महू नाका पर हंगामा और प्रदर्शन शुरू कर दिया. मामले में वरिष्ठ अधिकारियों ने टीआई को कार्यालय में अटैच और दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया.**

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर भाजपा के विधानसभा-4 प्रभारी वीरेंद्र शेंडके बाइक से महू नाका से गुजर रहे थे. सिग्नल पार करने के दौरान पुलिसकर्मी ने शेंडके को रोका, लेकिन बाइक नहीं रुकी तो उन पर हाथ उठा दिया. वहीं ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का आरोप था कि वीरेंद्र शेंडके मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चला रहे थे. इसके बाद यातायात पुलिस और शेंडके के बीच विवाद बढ़ गया. शेंडके ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया. घटना के बाद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया. कार्यकर्ता सडक़ पर बैठ गए, जिससे लंबा जाम लग गया. कार्यकर्ता संबंधित महिला टीआई व पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे.



### हालात संभालने अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया

मामला बढ़ता देख ट्रैफिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे. हालात संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा. अधिकारियों ने सीसीटीवी और वीडियो फुटेज की जांच की. बताया जा रहा है कि जांच में वीरेंद्र शेंडके मोबाइल पर बात करते हुए नजर नहीं आए. इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता महिला टीआई और अन्य पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग पर अड़ गए. इस पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई कर दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों कॉन्स्टेबल शेखर और सूबेदार लक्ष्मी को निलंबित कर दिया. वहीं, ट्रैफिक टीआई राधा यादव को कार्यालय में अटैच कर दिया है.

### मामले की जांच चल रही : टी आई

टीआई राधा यादव का इस मामले में कहना है कि विवाद की शुरुआत के समय वह मौके पर मौजूद नहीं थीं. वह बैठक से लौटते समय सूचना मिलने पर वहां पहुंचीं. उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से यह स्पष्ट हो जाएगा. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

### शेंडके ने कहा- मुझे चांटा मारा गया

इस मामले में भाजपा नेता वीरेंद्र शेंडके ने कहा कि मुझे रोकने के दौरान चांटा मारा गया. इसका यातायात पुलिस को अधिकार नहीं है. सीसीटीवी फुटेज में मैं मोबाइल पर बात करते हुए भी नहीं पाया गया. शहर में यातायात पुलिस द्वारा महू नाका चौराहे को अवैध वसूली का अड्डा बना रखा है. यातायात पुलिस की वसूली से आम जनता भी बहुत परेशान है.

# कटनी अब डोलोमाइट के खनन के लिए भी तैयार

- माइनिंग कैपिटल के रूप में उभर रहा मध्यप्रदेश का कटनी जिला

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 8 मई. मप्र का कटनी जिला देश के महत्वपूर्ण खनिज एवं औद्योगिक केंद्रों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है. चूना पत्थर, बॉक्साइट, लौह अयस्क, मार्बल और लेटराइट जैसे बहुमूल्य खनिजों से समृद्ध कटनी अब स्वर्ण अयस्क के साथ ही डोलोमाइट के विशाल भंडार खनन के लिये तैयार हैं.**

कटनी के बड़ेरा एवं बचरबाड़ा में 50 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में तीन बड़े डोलोमाइट ब्लॉक्स को माइनिंग कॉर्पोरेशन के पक्ष में आरक्षित किया गया है. इस निर्णय से कटनी में खनिज आधारित उद्योगों के विस्तार को नई गति मिलेगी. इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब कटनी माइनिंग



कैपिटल के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि कटनी केवल चूना नगरी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह खनिज आधारित औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार और आधुनिक खनन प्रबंधन का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खनिज संपदा के वैज्ञानिक, पारदर्शी और जनहितकारी उपयोग के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है.

### बेहतर कार्य करने वाले वेंडर होंगे सम्मानित

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य किया जा रहा है. सरकार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का कार्य प्रतिबद्धतापूर्वक कर रही है. प्रबंध संचालक, मप्र ऊर्जा विकास निगम अमनबीर सिंह बैंस ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि सौर संयंत्र स्थापना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वेंडरों को सम्मानित किया जाएगा. एमडी बैंस ने कहा कि जो वेंडर अपना कार्य ठीक प्रकार से नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी. बैंस ने विगत दिनों भोपाल मुख्यालय में प्रगति की समीक्षा कर सभी वेंडर्स कार्य में आने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी ली. उन्होंने बताया कि कार्य क्षेत्र में आने वाली सभी समस्याओं का समय रहते समाधान किया जाएगा जिससे कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में हासिल किया जा सके.

# सागर जिले में 80 किमी की रफ्तार से चली आंधी

**56 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से जबलपुर में भी चली आंधी**

**भोपाल, 08 मई. मध्यप्रदेश में मौसम के दो अलग अलग मिजाज देखने को मिल रहे हैं. शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी और गरज चमक के साथ बारिश ने मौसम का रुख बदल दिया. सबसे ज्यादा असर बुंदेलखंड और महाकौशल क्षेत्र में देखा गया.**

सागर में शुक्रवार को आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि यहां 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं. वहीं जबलपुर में भी 56 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने जनजीवन को प्रभावित किया. मालवा और निमाड के कुछ हिस्सों में जहां हल्की बूंदाबांदी हुई वहीं ग्वालियर और चंबल संभाग में भी तेज हवाओं का दौर जारी रहा. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में पश्चिमी और पूर्वी मध्यप्रदेश के कई जिलों में आंधी का असर रहा. शिवपुरी में 41 और श्योपुर कलां में 33 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं रिकॉर्ड की गईं. वहीं विंध्य क्षेत्र में रीवा और मऊगंज में 44 जबकि चित्रकूट में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से अंधड़ चला.

बारिश और आंधी के बावजूद प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्मी का असर बना रहा. शुक्रवार को प्रदेश में सबसे अधिकतम तापमान खरगोन और बड़वानी क्षेत्र में 43 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया. वहीं बारिश वाले क्षेत्रों में पारा लुढ़ककर 35 से 37 डिग्री के बीच पहुंच गया.

इंदौर में आज तापमान उछाल मारकर 41 डिग्री से ज्यादा पार कर गया. शाम को 5 .30 बजे भी पारा 40 के करीब दर्ज हुआ है. रात का तापमान भी शहर में सामान्य 5 डिग्री ज्यादा 26 .3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है. आज दिन में गर्म हवाएं ने लू का अहसास कराया और शाम 5 बजे भी लू के थेपेड़े पड़ रहे थे. ध्यान रहे कि पिछले एक हफ्ते से ज्यादा शहर में तापमान सामान्य या सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज हो रहा था. रात का तापमान भी सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज हो रहा था. पिछले दो दिनों से मौसम में अचानक गर्मी बढ़ गई है और पारा लगातार बढ़ रहा है. मौसम विभाग के अनुसार अब दिन में गर्मी और बढ़ेगी और लू भी चल सकती है.






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**